श्याम तेरा क्या कहना

प्यार लुटाता लाड लड़ाता मेरा बाबा श्याम,
हो गये उसके वारे न्यारे जिस ने लिया तेरा नाम,
श्याम तेरा क्या कहना बाबा तेरा क्या कहना

नैया करदी जिसने तेरे हवाले,
माझी बन नैया का तू ही फिर सम्बाले,
आता तुहि हर मुश्किल में अपने भगत के काम,
हो गये उसके वारे न्यारे जिस ने लिया तेरा नाम,
श्याम तेरा क्या कहना बाबा तेरा क्या कहना

देने में तू कभी ना बाबा पीछे हट ता,
तेरे दर जो आ जाए फिर कभी न भटकता,
बड़ा ही पावन प्यारा लगता तेरा खाटू धाम,
हो गये उसके वारे न्यारे जिस ने लिया तेरा नाम,
श्याम तेरा क्या कहना बाबा तेरा क्या कहना

रूबी रीधम पे जबसे किरपा बरसाई,
जीवन से हो गयी मेरे दुखो की विधाई,
कट गये सारे दुःख संकट मिला बड़ा आराम,
हो गये उसके वारे न्यारे जिस ने लिया तेरा नाम,
श्याम तेरा क्या कहना बाबा तेरा क्या कहना

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/6205/title/shyam-tera-kya-kehna-baba-tera-kya-kehna-ho-gaye-uske-vaare-nyaare-jis-ne-liya-tera-nam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |